Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to open Agriculture University in Satrati, Khargone Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन): महोदय, आपने मुझे अपने लोक सभा क्षेत्र खरगोन-बड़वानी के अति महत्वपूर्ण मुद्दे पर बात रखने का अवसर दिया है। मैं अपने पूरे क्षेत्र की ओर से आपको धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। मेरे खरगोन-बड़वानी लोक सभा क्षेत्र में 95 पर्सेंट से ऊपर कृषि करने वाले अत्यधिक किसान लोग रहते हैं। वहां पर कपास, मिर्ची, सोयाबीन, पपीता एवं गन्ने की अत्यधिक पैदावार होती है। परंतु जब किसानों के बेटे महाविद्यालय में पढ़ने जाते हैं तो उन्हें कृषि विषय नहीं मिल पाता है। मेरे ही संसदीय क्षेत्र में कसरात विधान सभा है। उस कसरात विधान सभा में एक सतराटी जगह है, जहां पर कृषि प्रशिक्षण केंद्र स्थापित है और पिछले दिनों हमने वहां पर दौरा किया था। वहां पर डेढ सौ एकड़ जमीन है। मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि वहां पर कृषि महाविद्यालय खोला जाए या कृषि विश्वविद्यालय खोला जाए। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूँ कि अगर यह खोला जाएगा तो वहां पर किसान के बेटों को रोज़गार भी मिलेगा और उन्नत खेती का भी हमको लाभ मिल पाएगा।